को कम किया जा सके। खाद्य तेलों के आयात को जारी रखा जा रहा है। राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरित करने के लिए, आयातित खाद्य तेलों का आवंटन, गत वर्ष की तुलना में काफी अधिक किया जा रहा है। अक्तूबर, नवम्बर तथा दिसम्बर, 1983 के दौरान राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए 2.18 लाख मी० टन आयातित खाद्य तेलों का आवंटन किया गया है, जबकि 1982 के इन्हीं तीन महीनों के दौरान 1.33 लाख मी० टन आयातित खाद्य तेल आवंटित किये गये थे। इस प्रकार इसमें 64 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

भारतीय उर्वरक निगम के माध्यम से मिनीकिटों का वितरण

3042. **श्री छीतू भाई गामित :** क्या **कृषि मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने भारतीय उर्वरक निगम के माध्यम से राज्यों में किसानों को मिनीकिट वितरित किये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो गुजरात में प्रदान की गई इस सहायता का ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्री (राव वीरेन्द्र सिंह) : (क) जी नहीं, तथापि भारतीय उर्वरक निगम ने निम्नलिखित राज्यों में, जहां भारतीय उर्वरक निगम अपने उत्पादों का विपणन कर रहा है, किसानों को अपने निजी मिनिकिट वितरित किए हैं :—

(मीटरी टन)

राज्य	यूरिया	अमोनियम सल्फेट	टी०एस०पी०
उत्तर प्रदेश	10	—	—
आंध्र प्रदेश	9.8	—	9.3
मध्य प्रदेश	6.2	—	0.2
उड़ीसा	—	25	—
बिहार	—	—	25
पश्चिम बंगाल	5	—	5
योग	31	25	40

(ख) भारतीय उर्वरक निगम ने गुजरात राज्य में कोई मिनिकिट वितरित नहीं किए हैं क्योंकि वह उस राज्य में अपने उत्पादों का विपणन नहीं कर रहा है।